प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर सेल महोबा द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितों के कुल 41,360/- रुपये खाते में वापस कराये गये-

आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है।

उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम (नोडल जनपदीय साइबर सेल) के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 राहुल परमार के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर सेल टीम महोबा द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह को आवेदक क्रमशः 1.मनोज कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी ननौरा श्रीनगर 2.बृजेश कुमार पुत्र रमेशचन्द्र निवासी कुण्हढौरा 3.इन्द्रेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी कुलपहाड़ 4.प्रीती सिंह निवासी राजस्व कालोनी महोबा ने अपने साथ हुयी धोखाधडी के सदर्भ मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम मे साइबर सेल द्वारा प्रार्थना पत्रों की जाँच की गयी, जाँच के दौरान पाया गया कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा आवेदकों के साथ साइबर फ्रॉड के माध्यम से क्रमशः 6411/- रुपयें, 4950/-रुपये, 9999/-रुपये व 20,000/- रुपये की ठगी कर ली गयी थी। आवेदकों के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेण्ट गेटवे/सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडितों की सम्पूर्ण धनराशि 41,360/- रुपयें वापस करायी गयी, पीडितों द्वारा अपनी धनराशि प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की गयी।

**धनराशि वापस कराने वाली साइबर सेल टीमः-**

1.उ0नि0 राहुल परमार प्रभारी साइबर सेल महोबा
2.कां0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह
3.कां0 सत्यम सिंह जादौन
4.का0 सुरजीत कुमार





@mahobapolice   SP Mahoba @mahobapolice   7839857330

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिसटीम ने अवैध शराब सहित 02 नफर अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध शराब बरामदगी अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 06.08.2022 को थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 अवनीश कुमार यादव द्वारा 02 नफर अभियुक्ताओं 1.ऊषा पत्नी सौरभ कबूतरा उम्र करीब 27 वर्ष 2.आरती पत्नी अजीत कबूतरा उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण ग्राम मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को ग्राम मुढ़ारी से हिरासत पुलिस में लिया गया । अभियुक्तागण उपरोक्त के कब्जे से क्रमशः एक-एक अदद प्लास्टिक की पिपियो में 20-20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब नाजायज बरामद हुयी। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 194/22 व 195/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 अवनीश कुमार यादव थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2.कां0 महेश कुमार थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
3.म0कां0 पिन्की यादव थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामदगी-

कुल 40 लीटर अवैध कच्ची देशी नाजायज शराब

### गिरफ्तार अभियुक्ताओं-

1.ऊषा पत्नी सौरभ कबूतरा उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2.आरती पत्नी अजीत कबूतरा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोंकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे मफरुर/ वांछित वारन्टी अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 आशिक अली द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त भूरा पुत्र गोरेलाल निवासी ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित परिवाद सं0 963/2012 सैयद्दीन बनाम गुलाब आदि धारा 323/504/506/452 भादवि थाना कबरई जनपद महोबा जिसका माननीय न्यायालय सिविल जज जु0डि0/जे0एम0 द्वारा जारी किया गया को ग्राम लिलवाही से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री आशिक अली थाना कबरई जनपद महोबा
2.हे0का0 शिवमहन्त मौर्या थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.भूरा पुत्र गोरेलाल निवासी ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 06.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री रमाकान्त शुक्ल द्वारा तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान अभियुक्त जैनेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र दीक्षित पुत्र स्व0 शिवस्वरूप दीक्षित उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मलकपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये चन्द्रकुँवर पैलेस के पास से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 313/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया

### अभियुक्त आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0– 2218/2012 धारा 401 भादवि
2.मु0अ0सं0– 2220/2012 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम
3.मु0अ0सं0– 2321/2014 धारा 25 शस्त्र अधिनियम
4.मु0अ0सं0– 323/2017 धारा 379/411 भादवि
5.मु0अ0सं0– 98/2018 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम
6.मु0अ0सं0- 313/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जैनेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र दीक्षित पुत्र स्व0 शिवस्वरूप दीक्षित उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मलकपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री रमाकान्त शुक्ल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2. कां0 उपेन्द्र कुमार 3. कां0 अरूण कुमार



@mahobapolice SP Mahoba @mahobapolice 7839857330

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी श्री रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह द्वारा गठित संयुक्त पुलिसटीम उ0नि0 मलखान सिंह व उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव द्वारा तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान वारण्टी अभियुक्त क्रमशः 1.अनीश अहमद पुत्र बसीर अहमद सम्बन्धित मु0सं0-18/19 धारा 294/504 भादवि को मुहल्ला समदनगर से तथा 2.कांशीराम पुत्र परमात्मादीन अहिरवार उम्र 46 वर्ष को सम्बन्धित गैरजमानतीय वारण्ट माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा मु0सं0 0900339/12 धारा 25 आर्म्स एक्ट धारा 82 सीआरपीसी तथा माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा द्वारा मु0नं0 -835/16 अपराध संख्या 411/05 धारा आर्म्स एक्ट मय धारा 82 सीआरपीसी को ग्राम डहर्रा से गिरफ्तार करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक विवरणः-

अनीश अहमद पुत्र बसीर अहमद निवासी मो0 समदनगर थाना कोतवाली नगर जिला महोबा सम्बन्धित मु0सं0- 18/19 धारा 294/504 भादवि गैरजमानतीय वारण्ट माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 मलखान सिंह चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2. हे0कां0 सुरेश कुमार थाना कोतवाली नगर जिला महोबा




@mahobapolice SP Mahoba @mahobapolice 7839857330

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 06.08.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **मोहर्रम पर्व व कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया जा रहा सायं पैदल गस्त**
- **मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की की जा रही सघन चेकिंग**
- **पैदल गश्त के दौरान ताजियादारों, अखाड़ा व मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से वार्ता कर कराया जा रहा सुरक्षा का एहसास**
- **पर्वों के दौरान शांति व सौहार्द बनाए रखने की की जा रही अपील**

आगामी मोहर्रम पर्व एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के दृष्टिगत श्रीमती सुधा सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई। ताजियादारों, अखाड़ों व मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है। साथ ही सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं, आमजन व व्यापारियों से आपसी प्रेम व सौहार्द, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान किये गये।








